आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- ऑयल इंडिया लिमिटेड अंडमान बेसिन में संभवतः पन्द्रह अक्तूबर से ड्रिलिंग का काम आरंभ करेगी।
- डीब्रेट में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आयोजन किया जा रहा है।
- पुलिस महानिदेशक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बम्बूफलाट थाना परिसर में वृक्षारोपण किया।
- नगरपालिका परिषद सचिव के मार्गदर्शन में पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों को माइक्रो–क्रेडिट ऋण की सहायता करने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

आयॅल इंडिया लिमिटेड अंडमान बेसिन में संभवतः पन्द्रह अक्तूबर से ड्रिलिंग का काम आरंभ करेगी। पोर्ट ब्लेयर में कल मीडिया से बात करते हुए सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि भारत सरकार द्वीपों में तेल की संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने खुद इस संबंध में ऑयल इंडिया के प्रबंध निदेशक से बातचीत की। बातचीत में उन्होंने बताया कि ढाई हजार करोड़ रूपये की लागत से इस काम को अंजाम दिया जाएगा और एक विदेशी कम्पनी के साथ अनुबंध किया गया है। ये कम्पनी द्वीपों में ऑफशोर ड्रिलिंग का काम शुरू करेगी। भारत सरकार के इस कदम से घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान होगी। सांसद ने कहा कि अंडमान बेसिन में बड़े हाइड्रो कार्बन भंडार होने का अंदेशा है। ऑयल इंडिया का यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। सांसद ने द्वीपों में चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अनिम्स में उचित मात्रा में संकाय सदस्य तथा विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। इसकी कमी के चलते मरीज प्रभावित हो रहे हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल ने आई ई ई ई कंप्यूटर सोसाइटी के सहयोग से सम्मेलन का उद्घाटन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में डीब्रेट की टीम को बड़े पैमाने पर इस सम्मेलन को आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने संस्थान को श्रेय देते हुए स्थानीय चुनौतियों से निपटने के बाद भी द्वीपों में सुचारू रूप से संचालित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने और ए आई के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर ओम पाल ने क्वांटम कम्प्यूटिंग और प्रकृति से प्रेरित प्रौद्योगिकी पर जोर दिया। उन्होने छात्रों को इस उभरते हुए क्षेत्र को अपनाने, इसकी संभावनाओं का पता लगाने और इसके विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। अण्डमान निकोबार उच्च शिक्षा के सचिव एल. कुमार ने अपने संबोधन में टीम की सराहना करते हुए प्रतिभागियों से शोध निष्कर्षों का पूरा लाभ उठाते हुए सतत विकास की दिशा में मिलकर काम करने की बात कही। सम्मेलन में डीब्रेट के प्राचार्य प्रभारी डॉक्टर वी. अलगू सुंदरम ने अतिथियों का स्वागत किया। इस सम्मेलन में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

<><><><><><><>

पर्यावरण स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप मे पुलिस महानिदेशक देवेश चंद्र श्रीवास्तव, पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ए, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने बम्बूफ्लाट क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने बम्बूफ्लाट के नए पुलिस स्टेशन में विभिन्न फलदार वृक्षों के पौधे लगाए। यह पहल "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के एक भाग के रूप में किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं के सम्मान में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना था। विश्व पर्यावरण दिवस पर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा "'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया, इस अभियान के तहत लोगों से अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया गया। बम्बूफ्लाट पुलिस स्टेशन में पुलिस महानिदेशक को एक शानदार गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसके अलावा, पुलिस बल की कामकाजी परिस्थितियों और समग्र कल्याण में सुधार के लिए प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, अधिकारियों ने दोनों स्थानों पर कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुनते हुए उनकी चिंताओं को दूर किया।

<><><><><><><>

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता और एन सी ई आर टी, शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित कर रहा है। यह प्रतिभा खोज परीक्षा कक्षा छठी से ग्यारहवीं तक के स्कूली बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा तेईस अक्तूबर और सत्ताईस अक्तूबर को विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में विद्यार्थी विज्ञान मंथन, पोर्ट ब्लेयर की एक इकाई ने विज्ञान केन्द्र के सहयोग से पोर्ट ब्लेयर और उसके आस–पास के विभिन्न स्कूलों के पंजीकृत छात्रों के लिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का महत्व विषय पर एक ओपन हाउस क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कार्मल स्कूल को प्रथम, सरस्वती शिशु मंदिर, पत्थरगड्‌ढा और सेंट मेरीज़ स्कूल भातुबस्ती को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को चौबीस अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के शिविर में सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद सचिव अमित काले की मार्गदर्शन में पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी पटरी वालों को माइक्रो–क्रेडिट ऋण की सहायता करने के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर सभागार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लंबित ऋण मंजूरी और साथ ही डिजिटल लेनदेन पर प्रशिक्षण प्रदान करना था। स्थानीय बैंकरों के सहयोग से, शिविर में ऋण आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने और डिजिटल लेनदेन की दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। विक्रेताओं को अपने डिजिटल भुगतान को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। किसी भी प्रश्न का समाधान करने और योजना की प्रक्रियाओं को स्पष्ट करने के लिए एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय संसाधनों और डिजिटल उपकरणों तक उनकी पहुँच में सुधार कर रेहड़ी पटरी वालों का समर्थन करना तथा समुदाय के भीतर आर्थिक विकास और डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देना था।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्‌यक्रमों में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श बारह अगस्त से चौदह अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सभी उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में शामिल होने को कहा गया है।

उधर, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न यूजी पाठ्‌यक्रमों के उम्मीदवारों की श्रेणीवार अंतिम योग्यता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे बारह अगस्त से लेकर चौदह अगस्त तक विभिन्न विषय और सारणी के अनुसार अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित रहे। उम्मीदवार जो छात्रावास में रहना चाहते हैं, वे प्रवेश के दिन कॉलेज के सभागार से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

जहाज एम.वी. सिंधु की आज सुबह नौ बजे ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की यात्रा तकनीकी कारणों से रदद कर दी गई है। अब यह जहाज आज ही दोपहर दो बजे हैडो जेटी से रवाना होगा।

**<><><><><><><>**